स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी चिकित्सालयों का... पृष्ठ 2 | स्वावलंबन की दिशा में बढ़े कदम... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 178, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## छत्तीसगढ़ में औद्योगिक क्रांति की नई शुरुआत

# बीईएमएल के हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट संयंत्र को मंजूरी, स्थानीय रोजगार को मिलेगा बढ़ावा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को औद्योगिक और आर्थिक विकास के नए शिखर पर ले जाने की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र के स्थापना की सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। इस संयंत्र के लिए बिलासपुर, चांपा के समीप नेशनल हाईवे से लगी 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय रोजगार सृजन और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना है। एक नवंबर 2024 से लागू छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति 2024-30 ने राज्य को निवेशकों के लिए अनुकुल बना दिया है। इस नीति का मूल मंत्र न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन है, जिसके तहत उद्योगों को स्थापित करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम 2.0, ऑनलाइन आवेदन, और त्वरित प्रोसेसिंग जैसी सुविधाओं ने उद्यमियों के लिए छत्तीसगढ़ में कारोबारी माहौल को आसान किया है। नीति में फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इस नीति के तहत उद्योगों को 30-50 प्रतिशत सब्सिडी, 5 से 12 वर्ष तक की कर छूट और ब्याज अनुदान जैसे आकर्षक प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा 1000 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली इकाइयों के लिए बी-स्पोक पॉलिसी और प्रति व्यक्ति 15,000 रुपए तक का प्रशिक्षण अनुदान भी शामिल है। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 5 लाख नए रोजगार सृजित करना है, जो स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीईएमएल के हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरिंग संयंत्र की स्थापना से न केवल छत्तीसगढ़ में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस संयंत्र के लिए 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आवंटित करने का निर्णय निवेशकों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कदम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा। इस परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि लाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए कई सुधार किए हैं। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्योगों को सभी स्वीकृतियां एक ही मंच पर प्रदान की जा रही है, जिससे समय और लागत की बचत हो रही है।

ऑनलाइन सुविधाओं के विस्तार ने भी उद्योगों की स्थापना को गति दी है। उद्यमी अब घर बैठे विभिन्न स्वीकृतियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने निवेश को आकर्षित करने के लिए सार्थक पहल की है। दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश-विदेश के उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया, जिसके परिणामस्वरूप 4 लाख 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुंबई समिट में 6,000 करोड़ रुपये, दिल्ली में 15,184 करोड़ रुपये, और बेंगलुरु में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की सहमति ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक क्षमता को रेखांकित किया है।

## नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** प्रदेश की नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार प्रतिबद्ध प्रयास कर रही है। संसाधनों के आधुनिकीकरण, अग्निशमन सेवाओं को तकनीकी रूप से उन्नत करने और जवानों के प्रशिक्षण व मनोबल को प्राथमिकता देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के माना कैंप स्थित नगर सेना केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 18 नवीन अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सेक्टर-13, नवा रायपुर में नवनिर्मित अग्निशमन केंद्र सह आवासीय परिसर और माना में नवीन सेनानी कार्यालय का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ये अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन प्रदेश की त्वरित आपातकालीन सेवाओं की क्षमता को नई गति देंगे। उन्होंने इसे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकार्पित भवनों के माध्यम से अग्निशमन तंत्र को मजबूती मिलेगी और हमारे जवानों की दक्षता में भी इजाफा होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन नए वाहनों से आगजनी की घटनाओं पर पहले से कहीं अधिक प्रभावी तरीके से और तेज़ी से काबू पाया जा सकेगा, जिससे जान-माल की रक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि जीवन की रक्षा सबसे बड़ा कार्य है और इसे पूरी निष्ठा और तत्परता से निभाने वाले अग्निशमन कर्मी हमारे सच्चे नायक हैं, जिनकी सेवाओं को समाज हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखता है। कार्यक्रम के दौरान राज्य आपदा मोचन बल और अग्निशमन राहत दल द्वारा आगजनी की घटना पर आधारित आपातकालीन सेवा का प्रदर्शन (डेमो) भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को गहरी रुचि और गंभीरता से देखा और जवानों की तत्परता व सजगता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने अग्निशमन सेवाओं में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें लुकास जैक, ग्लास ब्रेकर, एयर लिफ्टिंग बैग, पेलिकन टावर लाइट, डायमंड टिप, चेन सॉ, फायर जैल ब्लैकेट, फायर सूट और अंडर वॉटर कैमरा जैसे उपकरणों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी दी।

## पटरी पार के खिलाड़ियों ने साइकिल चलाकर दिया फिटनेस का संदेश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय की एक प्रमुख सामुदायिक पहल 'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शांति नगर, चिखली में किया गया। इस कार्यक्रम में पटरी पार क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आमजन को फिटनेस के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद एवं नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा, पार्षद सुनील साहू, पार्षद छोटे लाल रामटेके, चिखली स्कूल की प्राचार्य प्रतिभा भारद्वाज, कस्टम अधिकारी दीपेश चौबे, समाजसेवी लोकेश जैन और ललित नायडू, एन.आई.एस कोच परमजीत सिंह तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत साइकिल रैली से हुई, जिसे जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली चिखली से प्रारंभ होकर शांति नगर, ढाबा, शंकरपुर, स्टेशन पारा, दीनदयाल नगर होते हुए पुनः चिखली पहुंची तत्पश्चात पटरी पार के हॉकी टीम अनुशासन एकादश एवं स्वाभिमान एकादश के बिच मैत्री मैच खेला गया। इस अवसर पर पार्षद शिव वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि साइक्लिंग आम लोगों के लिए एक सरल, सस्ती और प्रभावी फिटनेस गतिविधि है। यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट के उद्देश्य को जमीनी स्तर पर साकार करता है। पार्षद सुनील साहू ने कहा कि नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दर्शाती है कि फिटनेस अब केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी बन चुकी है। प्राचार्य प्रतिभा भारद्वाज ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य बल्कि सामाजिक जुड़ाव भी मजबूत होता है। भारतीय खेल प्राधिकरण, राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में कैलाश धाम दुर्गा मंदिर समिति शांति नगर चिखली, स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स क्लब और परंपरा संस्था के सदस्य भी उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बताया कि रैली में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों की भागीदारी यह दर्शाती है कि रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी शिक्षा, खेल और अनुशासन के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के बच्चों को खेल से जोड़ने, उनमें सकारात्मक सोच विकसित करने और नशे से दूर रखने के उद्देश्य से रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे चिखली स्कूल के मैदान में निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण दिया जाता है।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 19 से 27 अप्रैल तक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह देवरी के



समीपस्थ ग्राम- झिटिया में 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत प्रवचन का आयोजन देवांगन परिवार के सौजन्य से रखा गया है,कथा व्यास पं. राजू शर्मा जी कोलियारा वाले होगें कार्यक्रम का अधिकाधिक संख्या में लाभ उठावें। रोगी बीमार, निःसंतान निःशुल्क प्रमर्श हेतु सम्पर्क करें।

## भारोत्तोलक मधु अहीर को यादव समाज ने दी बधाइयां

### ढाई सौ किलो का वजन उठाकर जीता स्वर्ण पदक

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी के यादव समाज की बेटी मधु अहीर ने 250 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्णपदक जीत लिया है इस पर यादव समाज ने गौरव महसूस करते हुए मधु को ढेर सारी बधाइयां दी हैं विशेष तौर से नगर यादव समाज के गण मान्य जनों ने मधु की इस सफलता पर भूरि भूरि प्रशंसा की है।

ज्ञात हो कि राजनांदगाव कोसारिया यादव समाज ने मधु अहीर को पॉवर लिफ्टिंग मे स्वर्ण पदक अर्जित करने पर बधाईया दी है। प्रतिभावान छात्र छात्राओं के सम्मान के घड़ी मे 16 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को गौरीनगर राजनांदगाव की समाज की प्रतिभावान बालिका कुमारी मधु अहीर सुपुत्री गोपाल अहीर जो की सयुक्त खेल फाउंडेशन ( एस बी के एफ ) इंटरनेशनल गेम्स 2025 के द्वारा नेपाल के पोखरा मे रंगशाला




स्टेडियम मे 3 से 7 अप्रेल तक 22 खेलो के महाकुम्भ का आयोजन किया इसमें राजनांदगाव संभाग के 2 खिलाड़ियो का चयन पॉवर लिफ्टिंग मे हुआ था स्पर्धा की इंदु आर्गेनाइजेशन ने मेजबानी की यह नेशनल स्पोर्ट्स काउंसील नेपाल द्वारा समर्पित है तथा भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलो के मंत्रालय के अधिनियमो के तहत स्थापित है। जिसमे भारत के तरफ से राजनांदगाव की बेटी मधु अहीर ने 250 किलो वजन उठा कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया साथ ही जूनियर खिलाडी संतोष साहू ने 650 किलो वजन उठा कर स्वर्ण पदक के साथ एशिया स्ट्रांग मेन का खिताब जीता हैं। उनको बधाईया उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देने के लिए राजनांदगाव नगर यादव समाज के वरिष्ठ गण मधु अहीर के घर पहुचे। जिनमे राजनांदगाव जिला महिला अध्यक्ष शिला यादव महिला नगर अध्यक्ष मधु यादव सदस्य केसर यादव मिना यादव निर्मला यादव शुसीला यादव निशा यादव उर्वशी यादव अंजना यादव राजनांदगाव जिला संघटन प्रभारी भोला यादव जिला युवा अध्यक्ष हरीश यादव जिला युवा कोषाध्यक्ष।मोहित यादव दिलीप यादव सालिकराम यादव आदि उपस्तिथ थे।

# इंदौर की तरह ही नगर को बनाया जाएगा क्लिन सिटी

### स्वच्छता के लिए इंदौर गई अध्यन दल वापस लौटा, इंदौर में एक सप्ताह रूक कर सीखा देखा कैसे बना इंदौर देश का नंबर वन क्लिन सिटी




**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के एक मात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ चौकी को इंदौर शहर की तरह स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा। देश के नंबर वन क्लीन सिटी इंदौर में स्वच्छता का सबक सीखने गई निकाय का अध्यन दल इंदौर से लौटने के बाद नगर को साफसफाई के मामले में बेहतर करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में निकाय का सात सदस्यीय अध्यन दल एक सप्ताह तक देश के नंबर वन क्नीन सिटी इंदौर के भ्रमण में था। इस अध्यन दल ने एक सप्ताह इंदौर में ठहरकर वंहा की साफसफाई, कचरा निष्पादन एवं गीले व सूखे कचरे से निगम की आय बढाने के लिए किए गए प्रावधानो की बारिकी से अध्यन किया। निकाय के सात सदस्यीय अध्यन दल में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के अलावा निकाय के उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता एवं पार्शद दिलीप कुंभकार, मुकेश सिन्हा एवं सफाई दरोगा लोकेश सलामे व रामसाय पटेल शामिल थे।

**स्वच्छता के लिए सबसे पहले जागरूकता अभियान**

नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सबसे पहले हर वार्डो में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत नगर के सार्वजनीक स्थल, चौराहा, मुख्य मार्ग एवं नुक्कडो में सामुदायिक सहयोग से श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद स्कूली बच्चो व महिला समूहो को साथ लेकर नगर में स्वच्छता रैलिया एवं अन्य माध्यमो से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जागरूकता के लिए वार्डो में महिला समूहो व महिला मंडलियो के साथ बैठक कर इस मुहिम में हर वर्ग को शामिल किया जाएगा।

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगेगा प्रतिबंध**

संपूर्ण स्वच्छता के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन व अगुवाई में नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिंबंध लगाया जाएगा। इसके लिए पहले नगर के सभी तरह के स्थानीय व्यापारियो के साथ बैठके की जाएगी। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर इंदौर षहर की तरह नागरिको को झोला रखने को प्रेरित किया जाएगा। निकाय द्वारा भी नगर के हर वार्डो में वार्ड पार्षद के माध्यम से झोला वितरण कराया जागए। इस कार्य के लिए महिला समूह को रोजगार उपलब्ध कराते हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिए उनका साथ लिया जाएगा।

**फिर बटेगा घर घर डस्टबीन**

नगर को क्लीन सिटी बनाने के लिए एक बार फिर पार्षद निधि एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग के माध्यम से डोर टू डोर गीला व सूखा कचरा कलेक्शन के लिए डस्टबीन का वितरण किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की संपूर्ण स्वच्छता के लिए कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ही सबसे पहले डस्टबीन व थैला का वितरण किया जाएगा। इसके बाद निकाय स्तर पर सफाई से जुडी अन्य व्यवस्थाए लागू की जाएगी।

**महापौर सचिवालय ने किया स्वागत**

स्वच्छता का पाठ पढने देष के नंबर वन क्लिन सिटी इंदौर गई स्वच्छता दल का स्वागत इंदौर के महापौर सचिवालय द्वारा किया गया। इंदौर के महापौर पुष्पमित्र भार्गव द्वारा नगर पंचायत जैसे छोटे से निकाय



से आए पार्षदों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह एवं इंदौर निकाय द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए निकाले जा रहे साहित्य एवं इंदौरी थैला भेट किया। महापौर श्री भार्गव ने इंदौर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम की जानकारी दी एवं अध्यन दल को इंदौर नगर निगम क्षेत्र में अध्यन व भ्रमण के लिए सभी तरह का सहयोग प्रदान करते हुए अपने कर्मचारियो की टीम भी प्रदान की। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अध्यनदल को दिए गए सहयोग के लिए महापौर व निगम प्रशासन का आभार ज्ञापित किया।

## मैथिल क्षत्रिय समाज की सावित्री बनी क्षेत्रीय महिला अध्यक्ष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मैथिल क्षत्रिय समाज के क्षेत्रीय महिला संगठन के चुनाव में श्रीमती सावित्री कौमार्य को सर्वसम्मति से



अध्यक्ष चुना गया है। हाल ही में, पूर्व क्षेत्रीय महिला संगठन का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात 16 अप्रैल को एक बैठक आहूत कर नए अध्यक्ष का चयन किया गया समाज सक्रिय महिला सदस्यो ने सर्वसम्मति से श्रीमती सावित्री कौमार्य को राजनांदगांव मैथिल क्षत्रीय महिला संगठन का अध्यक्ष चुना है। इसके अलावा श्रीमती संतोषी नागवंशी को उपाध्यक्ष, श्रीमती पुनम ठाकुर को सचिव, श्रीमती उर्वशी क्षत्रिय को सह सचिव और श्रीमती अंजली नागवंशी को कोषाध्यक्ष चुना गया है । वहीं सह कोषाध्यक्ष श्रीमती चांदनी गर्ग एवं संरक्षक श्रीमती नंदनी सेंगर, श्रीमती रेणू सूर्यवंशी और मिडिया प्रभारी श्रीमती सोनी देवराज को चुना गया। वहीं अन्य पदों के लिए भी समाज की महिला सदस्यों का चयन किया गया है।

**समाज की प्रगति प्राथमिकता**

श्रीमती सावित्री कौमार्य ने अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे समाज को एकजुट और मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी । समाज की प्रगति उनकी प्राथमिकता होगी।

## शिक्षित बेरोजगार को निशुल्क प्रशिक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था बरगा आर सेठी राजनांदगांव ग्रामीण विकास जबमंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार युवाओं,युवतियों महिला एवम पुरुष को कौशल विकास संबन्धित निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ कर भविष्य में उदयमी के रूप तैयार करना संस्था की योजना है इस वर्ष होने वाले ट्रेड जैसे 21अप्रैल 2025 से मोटर कार ड्राइविंग प्रशिक्षण 30 दिवसीय प्रारंभ किया जा रहा है इच्छुक हितग्राही जिसकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष है न्यूनतम दसवीं पास पात्रता राजनांदगांव जिला के ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राही दस्तावेज आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, 4 पासपोर्ट साइज फोटो एवम मार्क सीट की कापी सहित दिए गए लिंक पर पंजीयन कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं https://forms.gle/9E1Qs7ctDYWE9XPy7 अधिक जानकारी प्राप्त करने कार्यालय आर सेठी बरगा राजनांदगांव से संपर्क कर सकते है।

## मंत्री केदार कश्यप से जनपद सभापति भेषबाई साहू ने एनीकट निर्माण की रखी मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से छुरिया जनपद पंचायत सभापति श्रीमती भेषबाई साहू



बागद्वार ने सौजन्य मुलाक़ात कर गुलदस्ता भेंट किया और चिरचारी कला नदी पर ऐनिकट निर्माण हेतु सौजन्य मुलाकात कर मांग की गई।

### शुभांक

2-5-6

558-8 226-0

### भाग्यांक

445-3 270-9

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कौरिनभाठा, तहसील जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन कमांक/272/प्रवा.-1/2025 राजनांदगांव दिनांक 24/03/2025 के अनुसार आवेदक राहुल आ. स्वरूपचंद ओसवाल निवासी सत्यम विहार शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम कौरिनभांठा प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. कौरिनमाठा, तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 301/1 शामिल 302/1, 304/7 रकबा 0.6690 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन / नक्शा बटांकन कार्य गठित दल द्वारा दिनांक 24/04/2025 दिन गुरूवार समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन / नक्शा बटांकन कार्य के संबंध में ग्राम कौरिनभांठा प.ह.नं. 38 स्थित खसरा नं. 301/1 शामिल 302/1, 304/7 के संबद्ध समस्त हितबद्ध पक्षकार उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

सील — **राजस्व निरीक्षक मंडल कौरिनभाठा**

## मनरेगा कार्य जल्द शुरू कराने ब्लॉक कांग्रेस घुमका ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व विधायक व पूर्व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल की उपस्थिति व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमका के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा कार्य जल्द शुरू कराने जिलाधीश के नाम घुमका तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु को कांग्रेसियो ने ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि अगर जल्द काम शुरू नहीं कराया जाता है, तो एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरों के हक के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार मजदूरो का हक मारकर उनके आजीविका को प्रभावित कर रही है। मनरेगा काम नवंबर-दिसंबर से शुरू हो जाना चाहिए था, पर अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक काम शुरू ही नहीं हो पाया है, जबकि बरसात में कुछ दिन शेष बचे हैं और उस स्थिति में काम बंद कराना पड़ता है। ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन यादवनेमदास साहू, उमराव वर्मा, बिरसिंग वर्मा, लाला वर्मा, रवि वर्मा, रितेश सिन्हा, राजेश शान, विवेक बारले, ईश्वर लाल वर्मा, संतोष सेन आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**- ईश्तहार :-**

**E-202504090100007** **अ/19(3) वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बरगा, प.ह.नं.-29 रा.नि.नं. सुकुलदेहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, आवेदक कार्यालय, आयुक्त, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के पत्र कमांक/13/भ.न/2024-25 राजनांदगांव दिनांक 04/04/2025 द्वारा ग्राम बरगा प.ह.नं. 29 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 302 रकबा 4.861 हे0 में से 8.00 एकड निष्क्रिय अपशिष्टों का निष्पादन भूमि भरण हेतु सैनिटरी लैण्डफिल (एसएलएफ) स्थापना हेतु 1.00 रू प्रति वर्गफुट की दर से आबंटन करने हेतु आबंटित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत गया है। आवेदन पत्र के साथ आवेदित भूमि का नक्शा तथा खसरा की प्रति प्रस्तुत किया गया है। उक्तं प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव द्वारा भू-राजस्व संहिता एवं छ.ग. शासन के अन्य सुसंगत नियमों के तहत् जांच एवं प्रतिवेदनार्थ माननीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय राजनांदगांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 30/04/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इन न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उद्घोषणा आज दिनांक 16/04/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक - 16/04/2025,**
**सुनवाई दिनांक - 30/04/2025.**

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी चिकित्सालयों का किया गया औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय राजनांदगांव में पंजीकृत 28 निजी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टीम द्वारा योजनांतर्गत पंजीकृत निजी चिकित्सालय गांधी नर्सिंग होम एनआईसीयू बसंतपुर, गांधी नर्सिंग होम सदर बाजार, उद्याचल चैरिटेबल आई हॉस्पिटल, एनबी केयर हॉस्पिटल, डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल एवं सुंदरा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती सभी मरीजों का योजना अंतर्गत नियमानुसार आयुष्मान कार्ड से ईलाज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। अस्पताल में कार्यरत सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफएवं पैरामेडिकल स्टॉफका आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत एचपीआर पंजीयन करने, समस्त मानव संसाधन की नियुक्ति आदेश, ज्वॉइनिंग व वेतन भुगतान संबंधी रिकार्ड संधारित करने एवं अस्पताल में ओपीडी व आईपीडी मरीजों के साथ आने वाले परिजनों का आयुष्मान कार्ड एवं वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन पात्रतानुसार किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्य कार्यालय को योजनांतर्गत पंजीकृत सभी निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण कर जानकारी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की



जाएगी। अस्पताल निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक श्री विष्णु प्रसाद साहू, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत श्री ऐश्वर्य साव, स्वास्थ्य मितान श्री सूर्यकांत वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत आवश्यक मापदण्ड निर्धारित की गई है। अस्पताल में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पंजीकृत चिकित्सालय का बोर्ड अस्पताल प्रवेश द्वार पर या उचित स्थान पर प्रदर्शित किया जाना है। साथ ही अस्पताल परिसर में आयुष्मान कार्ड योजनांतर्गत भर्ती मरीज के अधिकार व दायित्व के संबंध में जानकारी भी प्रदर्शित किया जाना है। शासन द्वारा चिकित्सालय को आयुष्मान भारत योजनातंर्गत जिस विशेषता हेतु अनुमति प्रदाय किया गया है, उसकी सूची एवं उस विशेषता अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित पैकेज की सूची राशि सहित फ्लैक्स के रूप में तैयार कर अस्पताल के प्रतीक्षा कक्ष में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाना है। अस्पताल में भर्ती पूर्व प्रत्येक मरीज व परिजनों से आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता के संबंध में लिखित रूप से जानकारी लिया जाना है। आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में, मरीज व परिजनों से आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं होने के संबंध में लिखित रूप से सहमति पत्र लिया जाना है। सहमति पत्र मरीज या मरीज के परिजन द्वारा ही लिखा जाना है, अन्यथा सहमति पत्र मान्य नहीं किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड उपलब्ध होने की स्थिति में मरीज के भर्ती होने के बाद 72 घण्टे के भीतर आयुष्मान कार्ड द्वारा पंजीयन किया जाना है। आयुष्मान कार्ड से भर्ती मरीज को पात्रतानुसार 50 हजार रूपए से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क ईलाज प्रदाय किया जाना हैं। किसी प्रकार से भी अतिरिक्त राशि मरीज व परिजनों से नहीं लिया जाना हैं। ईलाज हेतु ब्लॉक की गई राशि एवं ईलाज पश्चात आयुष्मान कार्ड में शेष बीमा कवर राशि की जानकारी मरीज व परिजनों को अनिवार्य रूप से दिया जाना है। अस्पताल में मरीज के भर्ती होने पर भोजन एवं छुट्टी होने के समय दवाई निःशुल्क दिया जाना है।

## धड़ल्ले से बिकने वाली मिश्रित दवाओं पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध

### डायबिटीज़ , एंटीडिप्रेशेंट , पेन किलर , एंटीबायोटिक दवाओं के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन पर लगा प्रतिबंध

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अंतर्गत सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन ने बगैर पर्याप्त ट्रायल के उपयोग में लाए जा रहे 35 फिक्स्ड डोस कॉम्बिनेशन दवाओं पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है इसके लिए समस्त राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक को पत्र



लिखकर ऐसे फार्मा कंपनियों को विक्रय करने और मार्केटिंग करने पर रोक लगाने कहा है । इसके पहले भी विभाग ऐसे मिश्रित दवाओं के विक्रय को लेकर चेतावनी जारी कर चुका है । कोई भी दवा उपभोक्ताओं को तभी विक्रय के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है जब उसका पर्याप्त ट्रायल हो गया हो जो कि विभिन्न स्टेज में किया जाता है । नई दवाओं को मानव में उपयोग के पूर्व जानवरों पर लैब में प्रयोग किया जाता है सकारात्मक परिणाम मिलने पर सीमित मानव संख्या पर प्रभाव की जाँच की जाती है तत्पश्चात दवा को वृहद पैमाने पर उपयोग और विक्रय के लिए उपलब्ध कराया जाता है इस दौरान भी यदि दवा के कोई दुष्परिणाम सामने आता है तब उक्त दवा को रिकॉल कर लिया जाता है । यह देखने में आ रहा है कि विभिन दवाओं का अलग अलग तो क्लिनिकल ट्रायल किया गया है किंतु उन दवाओं को मिश्रित करने के बाद उनका क्लिनिकल ट्रायल नहीं किया गया है लेकिन फिर भी ऐसी दो या अधिक दवाओं का कॉकटेल बनाकर उसको बेचा जा रहा है । व्यापक स्वास्थ्यगत नुकसान को देखते हुवे इसके विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है । भोज साहू अध्यक्ष इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन संभाग दुर्ग व जिलाध्यक्ष ने बताया कि बिना पर्याप्त क्लिनिकल ट्रायल के दवाओं का कॉकटेल बनाकर बेचने और मार्केटिंग करने वाली फार्मा कंपनियों पर सरकारी नियंत्रण होना चाहिए । संगठन आम लोगो को ऐसी दवाएं नहीं खरीदने या खरीदने से पूर्व फार्मासिस्ट से सलाह लेने के लिए जागरूक करेगी।

## गायत्री विद्यापीठ में सिविल जज श्री पार्थ दुबे का मार्गदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ में सिविल जज श्री पार्थ दुबे का मार्गदर्शन दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी शामिल थे।



शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार श्री दुबे जी द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की सुरक्षा संबंधी कानून एवं उनके प्रयोगों की जानकारी दी गई। साथ ही हम किस प्रकार समस्या का समाधान निकाल सकते है। किसी प्रकार के समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन सी व्यवस्थाएं दी गई हैं इसकी विस्तार से व्याख्या की गई, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी विद्यार्थियों ने समाधान पाया। साथ ही एस.आई. श्रीमती शारदा बंजारे, कांस्टेबल मीनाक्षी अहीर एवं कौशल्या साहू के द्वारा बच्चों को अभिव्यक्ति एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आए दिन बढ़ते अपराधों की रोकथाम हेतु इसका सुरक्षित उपयोग हम कैसे कर सकते हैं? छात्राओं को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना से बचने हेतु क्या करना चाहिए आदि महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रयोगों के द्वारा दिए गए। इस आयोजन हेतु गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री सूर्यकान्त जी चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, स्कूल प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### राहगीरों को मिलेगा देशी फ्रिज करसी का ठंडा पानी

## विकास खंड छुईखदान में खोला गया प्याऊ घर

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 17/04/2025 को भारत स्काउट्स एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर श्री सोमनाथ यादव जी,राज्य सचिव श्री कैलाश सोनी जी के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़ छुई खदान गंडई श्री लाल जी द्विवेदी जी,विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री रमेंद्र डड़सेना जी,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री जी सुधाकर, बी आर सी श्री दुष्यंत कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में शहीद नगरी छुई खदान नगर के मुख्य स्थान जय स्तंभ चौक में प्याऊ घर का उद्घाटन जनपद पंचायत छुईखदान की समस्त जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया किया गया ।सर्व प्रथम सभी अतिथियों का स्वागत स्काउट्स गाइड नियमों को ध्यान में रखकर किया गया जिसमें स्कार्फ़ताली,सलामी आदि शामिल रहा सभी को ठंडा शीतल पानी के साथ प्रथम दिवस में रसना पिलाया




गया। आज के इस कार्यक्रम में पुष्पा प्रकाश जंघेल (जनपद अध्यक्ष) छुईखदान, राजू जंघेल (उपाध्यक्ष) ज्योति जंघेल (सभापति महिला बाल विकास छुईखदान) राजिम जंघेल (क्र॥श्व) , दुष्यंत जंघेल (जनपद सदस्य), डोमार सिंह भेड़िया (सभापति स्वास्थ विभाग), नेहरू जंघेल (जनपद सदस्य), अंजू जंघेल (वन विभाग सदस्य), उत्तम जंघेल (जनपद सदस्य), रेखचंद जंघेल (भाजपा नेता), संजय महोबिया, संजीव दुबे,साथ ही हमारे स्काउट गाइड टीम छुईखदान से धनुष सिन्हा(स्त्रशष), शकुंतला ठाकुर(जिला प्रशिक्षण आयुक्त), ललिता कोसारे (स्त्रशष), पोर्णिमा नेताम (विकासखण्ड सचिव), कुशाल सिंह धुर्वे (सहायक विकासखण्ड सचिव), श्यामकली महोबिया, पायल सिंह राजपूत, दीपक तिवारी,प्राचार्य अनिल पाल सर कन्या शाला छुईखदान, राज्य पाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षक तुलेश्वर कुमार सेन (प्रधान पाठक पुरेना), देवांगन सर, रविंद्र चावड़ा, एवम समस्त स्काउट गाइड छात्र छात्राएं उपस्थिति थे। इस शीतल प्याऊ घर को निर्विघ्न रूप से संचालित करने के लिए बीईओ आर के डड़सेना सर के द्वारा तीन हरामेट,बीआरसी दुष्यंत कुमार शर्मा की ओर से एक हरामेट, एबीईओ जी.सुधाकर सर द्वारा फ्लेक्स,प्राचार्य कन्या शाला अनिल कुमार पाल सर द्वारा 4 मटका, छै गिलास,मग और ट्रे, प्रधान पाठक पुरेना तुलेश्वर कुमार सेन द्वारा दो मटका अन्य व्यवस्था स्काउट्स गाइडस पूरी टीम के द्वारा किया गया। जो भी कर्मचारी या जनप्रतिनिधि इस मिशन में जुड़ना चाहते हैं हमारी टीम से संपर्क कर सकते हैं।कार्यक्रम का संचालन कुशाल धुर्वे जी द्वारा किया गया यह जानकारी विकास खंड सचिव पोर्णिमा नेताम मेम द्वारा दिया गया।

## पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण



शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर में बाल्को मेडिकल सेंटर के डॉ. रश्मिराय, एएसजी नेत्र अस्पताल के डॉ. विकास यादव, आरोग्यम हास्पिटल के डॉ. श्रृषा साहू की टीम ने द्वारा पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया। शिविर में शुगर, ब्लडप्रेशर, नेत्र जांच सहित अन्य जांच की गई। जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। बालको मेडिकल सेंटर द्वारा महिलाओं का विशेष उपचार किया गया। शिविर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन बृजेश कुमार शर्मा, ईसीएचएस पालीक्लिनिक के ओआईसी कैप्टन (आइएन) श्री अर्जित दास, कल्याण संयोजक श्री एसी पंत सहित अन्य स्टॉफउपस्थित थे।

### न्यायालय कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

### (प्रारूप-क)

**राज्य शासन के विभाग/उपक्रम/संस्था - परियोजना प्रबंधक (सिंचाई परियोजना) छत्तीसगढ़ ''कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा'' जिला कबीरधाम (छ.ग.) विभाग के द्वारा कोदवा किलकिला व्यपवर्तन योजना अंतर्गत मुख्य नहर/माईनर निर्माण हेतु ग्राम कोदवागोड़ान (पूरक प्रकरण) प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. कोदवागोड़ान, तहसील कुकदूर, जिला कबीरधाम छ.ग. के प्रभावित किसानों की निजी भूमि को ''सार्वजनिक प्रयोजन'' के लिए आवश्यकता होने से राज्य शासन, उपक्रम/संस्था निम्नांकित कृषक की निजी भूमि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत भू-अर्जन करना चाहता है :-**

| क्र. | ग्राम/नगर /तहसील | कृषक का नाम एवं पिता/पति का नाम | जाति | खसरा नम्बर | क्रय करने हेतु प्रस्तावित अर्जित रकबा | | | भूमि का किस्म | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | एकड़ | हेक्टे. | वर्गमीटर | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | कोदवागोड़ान /कुकदूर | डोमन सिंह पिता केहर सिंह, जाति गोड़, सा. छिरपानी | अ.ज.जा. | 439/6 | 0.08 | 0.032 | - | असिंचित | मुख्य नहर/माईनर निर्माण हेतु |
| | | | | 439/7 | 0.45 | 0.182 | - | | मुख्य नहर/माईनर निर्माण हेतु |
| | | योग- | | 2 | 0.53 | 0.214 | | | |

यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्ति के आधार सहित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है. निर्धारित समयावधि के बाद प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

**(गोपाल वर्मा)**
**कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

जी-00321

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

-:: ईश्तहार ::-

रा.मा.क्रं. श्व-202501090100009
अ/21 (1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बघेरा, प0ह0नं0-18 रा.नि.मं. खैरझिटी, तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री छवीलाल राम कोर्राम आ0 भुनूराम कोर्राम, जाति गोंड निवासी मकान नं. 96 वार्ड नं. 08 जराही, बघेरा तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने नाम एवं भूमिस्वामी हक की ग्राम बघेरा, प.ह.नं. 18, रा.नि.मं. खैरझिटी, तहसील राजनांदगांव स्थित भमि खसरा नं. 1239/1 रकबा 0.7910 हे. एवं ख.नं. 1240/2 रकबा 0.5780 हे. कुल रकबा 1.3690 हे. भूमि को स्वयं का स्वास्थ्य खराब होने व बैंक से लिये लोन की अदायगी एवं कृषि कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी धर्मेश टांक आ0 वलमजी भाई टांक निवासी मौहाभांठा तहसील व जिला राजनांदगांव को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित माननीय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

आवेदक के स्वामित्व की उक्त आवेदित भूमि विक्रय की अनुमति प्रदाय किये जाने के संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 07/04/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उद्घोषणा आज दिनांक 19/03/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक :- 19/03/2025
सुनवाई दिनांक : 07/04/2025

सील — **नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव 2 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501090100010/-21(1)**

विषयः- अ-21 (1) मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
सुखरी (प ह न. 00031), छुईखदान (प ह न. 00031),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- छबील राम कोर्राम जाति गोंड़, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छबील राम कोरोम आ. भुनूराम कोर्राम जाति गौड़ निवासी मकान नं. 96, वार्ड नं. 08 जराही, बघेरा, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम (1) सुखरी खसरा नं. 391/2 रकबा 0.5470 हे. (2) छुईखदान खसरा नं. 10/1 व 10/2 रकबा 0.8170 हे. दोनो ग्रामों का कुल रकबा 1.3640 हे. स्थित भूमि को स्वास्थ्य खराब होने व बैंक से लिये लोन की अदायगी एवं कृषि कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी धर्मेश टांक आ. वलमजी भाई टांक एवं अन्य 01 निवासी मौहाभांठा, बघेरा तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/04/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/04/2025 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार डोंगरगांव (खुज्जी)**

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में किस राज्य को वन्यजीव पर्यटन के लिए अभयारण्य एशिया पुरस्कार प्राप्त हुआ?*

*2) हाल ही में किस शहर को यूनेस्को रचनात्मक शहर में सम्मिलित किया गया है?*

*3) सावरकर हिन्दू महासभा के अध्यक्ष किस वर्ष बने?*

*4) एचटीएमएल किस प्रकार की भाषा है?*

*5) भारतीय स्पर्धा आयोग की पहली महिला अध्यक्ष कौन है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मध्यप्रदेश (2) ग्वालियर और कोझिकोड (3) 1937 (4) स्क्रिप्टिंग (5) रवनीत कौर

# स्वावलंबन की दिशा में बढ़े कदम, तो मिली कामयाबी की राह...

## ग्राम मुड़पार की लोकेश्वरी साहू ने लिखी सफलता की नई इबारत, मध्यान्ह भोजन, कृषि मित्र का कर रही कार्य, आर्थिक स्थिति बनी मजबूत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हुनरमंद महिलाएं जब स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ी तो, उन्होंने कामयाबी की राह पकड़ी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान योजना के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मुड़पार की श्रीमती लोकेश्वरी साहू ने सफलता की नई इबारत लिखी है। श्रीमती लोकेश्वरी साहू ने बताया कि वे जय मां लक्ष्मी स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं। पहले परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी और कृषि कार्य कर रही थी। समूह से जुडने के बाद बिहान योजना के तहत 1 लाख 50 हजार रूपए का ऋण लेकर गौरव होटल प्रारंभ किया। समूह से जुडने से बहुत फायदा हुआ और आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने बताया कि वह विभिन्न तरह के नाश्ते बहुत अच्छा बनाती है। पोहा, पकौड़ा, इडली, समोसा, आलू गुंडा जैसे व्यंजन बनाने में पारंगत होने के कारण न केवल उनके होटल में बिक्री बढ़ी और आर्डर भी मिलने लगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चाय व नाश्ता पैकिंग कराकर भी ले जाते हैं। होटल से परिवार की मासिक आय 10-15 हजार रूपए प्राप्त हो जाती है। इसके साथ ही स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य भी कर रही है, जिससे मुनाफा हो रहा है और



आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

श्रीमती लोकेश्वरी साहू ने बताया कि वे कृषि मित्र हैं और जैविक खेती के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी भी दे रही हैं। खेती-किसानी के लिए किसानों को जैविक खाद एवं कीटनाशक का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दे रही है। उन्होंने कहा कि पहले वह पहले गृहिणि थी और घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर कार्य करने से उनका अत्मविश्वास बढ़ा है, अब वह सक्रिय होकर कार्य कर रही है। बिहान योजना अंतर्गत जुडने से एक अलग पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह में जुडने से कम ब्याज में ऋण प्राप्त हो रहा है। जिससे सेठ-साहूकार के पास पर्चा-पट्टा रखकर ऋण लेने से मुक्ति मिल गयी है। उन्होंने बताया कि होटल के लिए उन्होंने 23 हजार रूपए की लागत से फ्रिज एवं फर्नीचर खरीदा है और वह अपना व्यवसाय आगे बढ़ाना चाहती है। उनके दोनों बच्चों की अच्छी पढ़ाई हो रही है। वे एक और किराना स्टोर्स खोलना चाहती है, जहां दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं की ब्रिकी हो सकें। श्रीमती लोकेश्वरी साहू ने कहा कि उन्हें शासन की खाद्यान्न सुरक्षा योजना अंतर्गत राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत उनके घर नल का कनेक्शन भी है, सौर ऊर्जा से चलित पंप के माध्यम से पानी की आपूर्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी आर्थिक स्थिति को और अधिक मजबूत बनाना चाहती हूं और लखपति दीदी पहल योजना में शामिल होना चाहती हूं।

## सुरेश तिवारी को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मासुलकसा के पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक सुरेश तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें संकुल केन्द्र गोडलवाही द्वारा ससम्मान विदाई दी गई . श्री तिवारी अपनी सेवा अवधि के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य किया . सेवानिवृत्त होने पर सुरेश तिवारी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने एवं छात्रों को आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़?कर कार्य करने पर अपनी बात रखी . उमरवाही गृहग्राममें बाजे गाजे के साथ सम्मान किया गया . उनके सेनानिवृत्त होने पर मिथलेश साहू , लेखराम पिस्दा, व्याख्याता कमलेश साहू , प्रधानपाठक सुरेश कुमार आर्य रमन देवांगन, रोमलाल चंद्राकर उत्तम साहू, योगिता पांडे रविन्द्र बारसागढे , देवेन्द्र रावटे , हीरालाल साहू टीकम साहू , सुरभि श्रीवास्तव, नरेन्द्र तारम , पालेन्द्र कुल्हारा. हेमंत ठाकुर , अशोक पिस्दा ने उनके दीर्घायु होने की कामना की है।



## ग्राम पंचायत चौथना में खुलेआम चल रहा था अवैध लाल ईट का कारोबार

**राजस्व विभाग द्वारा की गई कार्यवाही**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत चौथना में झुनाऊ कुर्मी द्वारा खुलेआम लगभग 10 15 सालों से चल रहा था लाल ईट का अवैध कारोबार जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर एसडीएम मनोज मरकाम की दिशा निर्देश पर नायब तहसीलदार सतपाल यादव द्वारा यथास्थान पर पहुंचकर की गई कार्यवाही जिसमें लगभग एक ट्रेक्टर हरे भरे वृक्षों की कटाई कर लाई गई लकड़ी और लगभग 5 से 6 डंपर खेती हर मिट्टी पाई गई जिस पर कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार सतपाल यादव के द्वारा लगभग 50000 लाल ईट पर कार्यवाही की गई है !!

प्रतिबंधित लाल ईटों पर राजस्व विभाग की कार्यवाही एक महत्वपूर्ण कदम है जो पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आवश्यक है। लाल ईटें वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत हैं और इनके उपयोग से कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।राजस्व विभाग की कार्यवाही में शामिल हो सकते हैं: 1. लाल ईटों के उत्पादन और बिक्री पर रोक: राजस्व विभाग लाल ईटों के उत्पादन और बिक्री पर रोक लगा सकता है। 2. जुर्माना और दंड: राजस्व विभाग लाल ईटों के उपयोग और बिक्री पर जुर्माना और दंड लगाना जरूरी है। 3. निरीक्षण और जांच: राजस्व विभाग नियमित निरीक्षण और जांच कर लगातार लाल ईट भट्ठो पर कार्यवाही कर रहा है जिससे पर्यावरण संतुलन के साथ साथ हरे भरे वृक्षों को बचाया जा सकता है और लाल ईटों के उपयोग और बिक्री को रोका जा सके। अवैध रूप से चल रहे लाल ईट भट्ठों पर राजस्व विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जाए तों पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद मिल सकती है और लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सकता है!

## सफाई कर्मचारी यूनियन संघ ने आंबेडकर जयंती पर निकली ऐतिहासिक रैली का किया स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिका निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन संघ ने संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य रैली का स्थानीय महाकाल चौक में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।



संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने उक्तशय की जानकारी देते हुए बताया कि, संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा भीमराव आम्बेडकर जी की जन्म जयंती पूरा देश और पूरा विश्व मना रहा है, उस विश्व मानव की जितना पूजा जाए उतना कम है। अगर वो नहीं होते तो रूढ़ि वादी प्रथाओं से भरी असमानता की खाई को पाटना असंभव था। वो केवल दलितों के ही मसीहा नहीं थे, बल्कि पूरे मानव समाज के उद्धारक और नारी मुक्तिदाता थे। अगर वे नहीं होते तो हमारा जीवन पशुतुल्य होता। आज अगर हम स्वतंत्रता पूर्वक चैन की सांस ले रहे हैं और प्रत्येक क्षेत्र में अवसर की समानता का अधिकार जो मिला है, वह सब बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की ही देन है। ऐसे में ऐसे महामानव की जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें जितना याद किया जाए उतना कम है। सफाई कर्मचारी यूनियन संघ ने उनकी जयंती को स्वर्णिम और यादगार बनाने का प्रयासमात्र किया है, ताकि देश के लिए किए गए उनके योगदान को युगों-युगों तक चिरस्थाई बनाया जा सके, उनकी जयंती के अवसर पर नगर के 22 वार्डो से आंबेडकर अनुयायियों द्वारा निकाली गई भव्य और ऐतिहासिक रैली का शहर के हृदय स्थल महाकाल चौक पुष्प वर्षा और शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रितेश महानंद, लक्ष्मण भारती, संदीप सोनी, योगेश, कर्मेंद्र सोनी, राजू, पप्पू सोनी, संजय भारती, मोहन, दुर्गेश, पिंटू लोकेश सहित बड़ी संख्या में यूनियन संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। इसके साथ ही श्री नायक ने उनकी जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर, उनके प्रासंगिक विचारों को आत्मसात करने का सभी से आव्हान किया है।

## शुक्रवार तक पानी नहीं मिला तो करेंगे नेशनल हाइवे जाम

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अघोषित रूप से विघुत कटौती के विरोध में आधा दर्जन से अधिक आक्रोशित ग्रामवासियों के द्वारा मंगलवार बुधवार की देर रात डोंगरगढ़ चिचोला मार्ग को जाम किया गया और शुक्रवार तक समस्या का समाधान के आश्वासन के बाद हटे थे. इसकी भनक लगते ही डोंगरगढ़ राजनांदगांव चिचोला पुलिस सहित सक्षम अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया परंतु ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अडे रहे. ग्रामीणों का आरोप लगाया गया कि लालबहादुर नगर, मानिकपुर, गोविंदपुर, मक्का टोला, खुबाटोला, बरमपुर सहित आसपास गाँव में विघुत विभाग के द्वारा अघोषित रूप से किसी भी समय विघुत आपूर्ति ठप्प कर दी जाती है साथ ही साथ जब विघुत प्रवाह संचालित रहती है उस समय लोड शेड की समस्या निर्मित हो जाती है जिसके कारण पेयजल से लेकर बच्चों की पढ़ाई से लेकर किसानी कार्य ठप्प सा पड़ जाता है और यह समस्या पिछले कई महीनों से निर्मित है जिसकी जानकारी विभाग के आलाधिकारियो को देने के बाद भी समस्या नित प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. आलम यह हो गया है कि क्षेत्रवासियो को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा है. क्षेत्रवासी इस कदर आक्रोशित थे कि मौके पर उपस्थित अधिकारियों से यह मांग करते हुए दिखाई दिए कि पीने का पानी नहीं दे सकते तो जहर देकर मार दो, हम लोग मरने को तैयार है. यह कस्मकश देर रात 2.00 बजे तक चलता रहा. इस दौरान सैकडो वाहन चक्काजाम में फंसे रहे वहीं वाहन में सफर करने वाले कई परिवारों को भी भारी परेशानियो का सामना करना पड़ा. इसको लेकर विघुत विभाग के डी.ई.ई नरेंद्र साहू से चर्चा करने पर बताया गया कि लालबहादुर नगर के फीडर में लोड शेड अधिक होने के कारण आये दिन इस क्षेत्र में परेशानी बनी रहती हैं 15 अप्रेल को दिन के समय लाल बहादुर नगर के फीडर में ब्लास्ट हो गया था जिसके कारण विघुत आपूर्ति ठप्प पड़ गई थी जिसके बाद जिले से टेक्निशियन को बुलाकर देर रात को सुधार कार्य कराये गए. श्री साहू का कहना है कि इस क्षेत्र की समस्या उस समय तक हल नहीं हो सकती जब तक भंडारपुर स्थित 132 केबी सब. स्टेशन तैयार हो जाने के बाद ही स्थिति में सुधार हो पायेगा.

**विघुत विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप.**

मौके पर उपस्थित आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप था कि विघुत विभाग के अंदर भारी भ्रष्टाचार का बोलबाला है. सक्षम अधिकारी, कर्मचारी मोटी रकम लेकर मापदंड के विरुद्ध मनमाने ढंग से अस्थाई कनेक्शन दे दिए गये है जिसके परिणाम स्वरूप लोड शेड की स्थिति निर्मित हो गई है जिसके कारण अस्थाई रूप से कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. भ्रष्टाचार के आरोप पर अधिकारी कर्मचारियो में खामोशी छाई रही.

## जनमन पत्रिका प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लाभकारी - सचिन भण्डारी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का डिजिटल लाईब्रेरी राजनांदगांव, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार कार्यालय और शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में नि:शुल्क वितरण किया गया। जनमन पत्रिका पढ़कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं ने खुशी जाहिर की। श्री सचिन भण्डारी ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ लोक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए नियमित रूप से डिजिटल लाईब्रेरी में अध्ययन करने के लिए आते हैं। श्री सचिन ने कहा कि जनमन पत्रिका प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लाभदायक है। इसमें संकलित समाचार, संस्कृति, पर्यटन एवं करेंट अफेयर्स, शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं, आम बजट की जानकारी उपयोगी है। राज्य शासन लोककल्याण और विकास के क्षेत्र में लिए गए निर्णयों के संबंध में अद्यतन जानकारी मिलती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यह पत्रिका नि:शुल्क वितरित की जा रही। इस किताब में प्रमाणिक तथ्यों का संकलन है। डिजिटल लाईब्रेरी में अध्ययन करने आए श्री योगेश सिंन्हा ने कहा कि जनमन पत्रिका में बजट, अर्थव्यवस्था, खनिज संपदा और औद्योगिक नीति की जानकारी का समावेश किया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिकोण से यह किताब महत्वपूर्ण है। इसमें शासन की योजनाओं की अच्छी जानकारी दी गई है। इसी तरह श्री मोहित यादव और शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में अध्ययनरत विद्यार्थी तारनी वर्मा ने भी जनमन पत्रिका पढ़कर खुशी जाहिर की। उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 179 महतारी सदनों का निर्माण और महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आहार-पोषण के लिए 70 लाख महिलाओं को मिलने वाली प्रति माह 1 हजार रूपए की जानकारी दी गई है। इसी तरह जनमन पत्रिका में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यटन, बजट, वैश्विक व्यापार में उभरता छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ से विदेश निर्यात होने वाले प्रमुख उत्पाद, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग, छत्तीसगढ़ के खनिज और धातु, महाकुंभ में छत्तीसगढ़ की भागीदारी, छत्तीसगढ़ के जलप्रपात, गुफा और धार्मिक स्थलों की जानकारी, भूमकाल आंदोलन तथा शासन के विभिन्न योजनाओं की एकत्रित जानकारी दी गई है।

## वार्ड निरीक्षण - कालोनियों एवं मानव मंदिर चौक में सफाई देख आवश्यक मरम्मत तथा सफाई व पार्किंग व्यवस्था के आयुक्त ने दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रात: कालीन सफाई निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज प्रात: स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारी के साथ इंडस्ट्रीयल एरिया, आरा मशीन रोड, बास टाल, बैंक कालोनी एवं पटेल कालोनी के अलावा गंज चौक, मानव मंदिर चौक में सफाई देख कालोनियों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर बारिश के पूर्व बड़े नाली नालो की सफाई करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को दिए। वही उप अभियंता श्री अशोक देवांगन को तिरूपति काम्पलेक्स के पार्किंग के लिये दुकानदारों से बात कर आरा मशीन रोड मरम्मत व डामरीकरण के लिये प्रस्ताव तैयार करने कहा। सफाई निरीक्षण में आयुक्त श्री विश्वकर्मा स्पीकर हाउस रोड, आरा मशीन रोड में साफ सफाई देख वार्ड प्रभारी को रोड एवं बैक व पटेल कालोनी में साफ सफाई कर कचरा उठाने, सडक के दोनो ओर साफ सफाई कराने तथा स्पीकर हाउस के बाजू यूरिनल की सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कालोनियों में साफ सफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण में गिला सुखा कचरा अलग अलग देने समझाईस देवे तथा सत प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे। उन्होंने उक्त रोड मरम्मत व डामरीकरण के लिये प्रस्ताव तैयार करने तकनीकि अधिकारी से कहा।



# धर्म समाचार....

## वैशाख अमावस्या पर तर्पण के समय करें इस चालीसा का पाठ, पितृ दोष से मिलेगी निजात



वैशाख अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करने से व्यक्ति पर पितरों की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से आयु और सौभाग्य में वृद्धि होगी। वैशाख अमावस्या पर महादेव की पूजा करने से जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलेगी।

वैदिक पंचांग के अनुसार, रविवार 27 अप्रैल को वैशाख अमावस्या है। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में साधक गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान करते हैं। इसके बाद देवों के देव महादेव की पूजा करते हैं। साथ ही दान-पुण्य करते हैं। भगवान शिव की पूजा करने से जाने-अनजाने में किए गए सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। अमावस्या तिथि पर पितरों का तर्पण भी किया जाता है। इस दिन पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करने से तीन पीढ़ी के पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं, साधक पर पितरों की कृपा बरसती है। ज्योतिष भी पितृ दोष दूर करने के लिए अमावस्या तिथि पर पितरों की पूजा करने की सलाह देते हैं। अगर आप भी पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो वैशाख अमावस्या पर तर्पण के समय पितृ चालीसा का पाठ करें।

**पितृ चालीसा**

**दोहा**

हे पितरेश्वर आपको दे दियो आशीर्वाद,
चरण शीश नवा दियो रख दो सिर पर हाथ ।
सबसे पहले गणपत पाछे घर का देव मनावा जी ।
हे पितरेश्वर दया राखियो, करियो मन की चाया जी ।।

**चौपाई**

पितरेश्वर करो मार्ग उजागर, चरण रज की मुक्ति सागर ।
परम उपकार पित्तरेश्वर कीन्हा, मनुष्य योणि में जन्म दीन्हा ।
मातृ-पितृ देव मन जो भावे, सोई अमित जीवन फल पावे ।
जै-जै-जै पित्तर जी साईं, पितृ ऋण बिन मुक्ति नाहिं ।
चारों ओर प्रताप तुम्हारा, संकट में तेरा ही सहारा ।
नारायण आधार सृष्टि का, पित्तरजी अंश उसी दृष्टि का ।
प्रथम पूजन प्रभु आज्ञा सुनाते, भाग्य द्वार आप ही खुलवाते ।
झुंझुनू में दरबार है साजे, सब देवों संग आप विराजे ।
प्रसन्न होय मनवांछित फल दीन्हा, कुपित होय बुद्धि हर लीन्हा ।
पित्तर महिमा सबसे न्यारी, जिसका गुण गावे नर नारी ।
तीन मण्ड में आप बिराजे, बसु रुद्र आदित्य में साजे ।
नाथ सकल संपदा तुम्हारी, मैं सेवक समेत सुत नारी ।
छप्पन भोग नहीं हैं भाते, शुद्ध जल से ही तृप्त हो जाते ।
तुम्हारे भजन परम हितकारी, छोटे बड़े सभी अधिकारी ।
भानु उदय संग आप पुजावे, पांच अँजुलि जल रिझावे ।
ध्वज पताका मण्ड पे है साजे, अखण्ड ज्योति में आप विराजे ।
सदियों पुरानी ज्योति तुम्हारी, धन्य हुई जन्म भूमि हमारी ।
शहीद हमारे यहाँ पुजाते, मातृ भक्ति संदेश सुनाते ।
जगत पित्तरो सिद्धान्त हमारा, धर्म जाति का नहीं है नारा ।
हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब पूजे पित्तर भाई ।
हिन्दू वंश वृक्ष है हमारा, जान से ज्यादा हमको प्यारा ।
गंगा ये मरुप्रदेश की, पितृ तर्पण अनिवार्य परिवेश की ।
बन्धु छोड़ ना इनके चरणाँ, इन्हीं की कृपा से मिले प्रभु शरणा ।
चौदस को जागरण करवाते, अमावस को हम धोक लगाते ।
जात जडूला सभी मनाते, नान्दीमुख श्राद्ध सभी करवाते ।
धन्य जन्म भूमि का वो फूल है, जिसे पितृ मण्डल की मिली धूल है ।
श्री पित्तर जी भक्त हितकारी, सुन लीजे प्रभु अरज हमारी ।
निशिदिन ध्यान धरे जो कोई, ता सम भक्त और नहीं कोई ।
तुम अनाथ के नाथ सहाई, दीनन के हो तुम सदा सहाई ।
चारिक वेद प्रभु के साखी, तुम भक्तन की लज्जा राखी ।
नाम तुम्हारो लेत जो कोई, ता सम धन्य और नहीं कोई ।
जो तुम्हारे नित पाँव पलोटत, नवों सिद्धि चरणा में लोटत ।
सिद्धि तुम्हारी सब मंगलकारी, जो तुम पे जावे बलिहारी ।
जो तुम्हारे चरणा चित्त लावे, ताकी मुक्ति अवसी हो जावे ।
सत्य भजन तुम्हारो जो गावे, सो निश्चय चारों फल पावे ।




तुमहिं देव कुलदेव हमारे, तुम्हीं गुरुदेव प्राण से प्यारे ।
सत्य आस मन में जो होई, मनवांछित फल पावें सोई ।
तुम्हरी महिमा बुद्धि बड़ाई, शेष सहस्र मुख सके न गाई ।
मैं अति दीन मलीन दुखारी, करहुं कौन विधि विनय तुम्हारी ।
अब पितर जी दया दीन पर कीजै, अपनी भक्ति शक्ति कछु दीजै ।

**दोहा**

पित्तरों को स्थान दो, तीरथ और स्वयं ग्राम ।
श्रद्धा सुमन चढ़ें वहां, पूरण हो सब काम ।
झुंझनू धाम विराजे हैं, पित्तर हमारे महान ।
दर्शन से जीवन सफल हो, पूजे सकल जहान ।।
जीवन सफल जो चाहिए, चले झुंझनू धाम ।

## भानु सप्तमी पर करें मां गंगा के नामों का जप, मिट जाएंगे सारे पाप

ज्योतिषियों की मानें तो वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में सूर्य देव की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही साधक पर सूर्य देव की कृपा बरसेगी। उनकी कृपा से जीवन में मंगल ही मंगल होगा। इस शुभ अवसर पर महादेव का अभिषेक भी किया जाता है। रविवार 20 अप्रैल को भानु सप्तमी है। यह पर्व पूर्णतया सूर्य देव को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर साधक गंगा नदी में स्नान करते हैं। साथ ही मां गंगा और सूर्य देव की पूजा करते हैं। सुविधा न होने पर घर पर पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करते हैं। इसके बाद भक्ति भाव से सूर्य देव की पूजा करते हैं। धार्मिक मत है कि सूर्य देव की उपासना करने से साधक को हर काम में सफलता मिलती है। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। भानु सप्तमी पर साधक अपनी इच्छा अनुसार अन्न, जल और धन का दान भी करते हैं। अगर आप जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति और जॉब में तरक्की पाना चाहते हैं, तो भानु सप्तमी के दिन गंगा स्नान कर सूर्य देव की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय मां गंगा के नामों का जप करें।



nandgaon times April-18-3.qxd 4/18/2025 12:02 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# ऐतिहासिक रहा भाजपा जिला अध्यक्ष का जन्मदिन , बधाईयों का तांता लगा









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का जन्मदिन उनके समर्थकों, शुभचिंतकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया और जगह-जगह पर केक काटकर कोमल सिंह राजपूत को लोगों ने शुभकामनाएं दी, इस जन्मदिन पर मिले स्नेह से अभिभूत होते हुए श्री राजपूत ने कहा कि उनके जीवन काल में जनता एवं कार्यकर्ताओं का मिला स्नेह एवं प्यार पाकर वे धन्य हुए हैं।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज प्रात 8 बजे नंदई चौक में अपने वरिष्ठ जनों विजय हरिहारणो, डीसी जैन जी से आशीर्वाद लेकर कोमल सिंह राजपूत बालाजी मंदिर पहुंचे, जहां चैंबर आप कॉमर्स के अनेकों कार्यकर्ताओं ने कोमल सिंह राजपूत का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया, तत्पश्चात शीतला मंदिर पहुंचकर कोमल ने प्रदेश एवं जिले की प्रगति की कामना करते हुए मां शीतला से आशीर्वाद लिया और पूजा अर्चना कर गायों को गुड़ खिलाया तथा वहां उपस्थित प्रखर श्रीवास्तव, शैंकी बग्गा प्रशांत गुप्ता,गोलू गुप्ता ने केक काटकर कोमल भाई का जन्मदिन यादगार बनाया तत्पश्चात भागचंद गीड़िया के निवास पर केक काटा गया और समता मंच वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों से आशीर्वाद लेकर, फल एवं कपड़ा वितरण कर जन्मदिन को अविस्मरणीय बनाया गया।

**भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ा**

आज भाजपा कार्यालय में जिले भर से सैकड़ो कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड पड़ा, सभी कार्यकर्ताओं में अपने लाडले जिला अध्यक्ष को जन्मदिन पर पहले शुभकामना देने हेतु जुनून सवार था। युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, व्यापारी प्रकोष्ठ एवं अल्पसंख्यक मोर्चा ने भाजपा कार्यालय में अनेकों केक काटकर जन्मदिन को यादगार बना दिया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, सौरभ कोठारी,रविंद्र वैष्णव सहित सभी वरिष्ठजन उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष के सम्मान में लोगों की खुशी देखते ही बनती थी।

**जिला अस्पताल में फ्रूट वितरण**

कोमल सिंह राजपूत द्वारा लगातार कई वर्षों तक जीवनदीप समिति के माध्यम से सक्रिय होकर जिला अस्पताल में मरीजों की देखरेख और सेवाओं के कारण डॉक्टर एवं स्टाफमें उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए जिला अस्पताल में भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने जिला अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया इस अवसर पर सभी मरीजों को फल वितरण भी किया गया तत्पश्चात पनेका बाकल हनुमान मंदिर बुडआदेव मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई।

**ग्रामीण मंडल द्वारा भी जन्मदिन मनाया गया**

कोमल सिंह राजपूत द्वारा किसान मोर्चा एवं ग्रामीण मंडल प्रभारी होने के नाते उनका ग्रामीण मंडल से विशेष लगाव रहा है, इसलिए ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष रोहित चंद्राकर वर्तमान अध्यक्ष मनोज साहू एवं सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम बोरी में जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का जन्मदिन अलग ढंग से मनाया गया और सभी बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए कोमल सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया तत्पश्चात ग्राम खुटेरी में भी जन्मदिन की विशेष व्यवस्था की गई थी सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जनों ने भाई राजा का जन्मदिन मनाकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

**बजरंगियों ने भी आतिशबाजी कर जन्मदिन मनाया**

कोमल सिंह राजपूत अपनी राजनीतिक जीवन से पूर्व लंबे समय तक बजरंग दल में रहे हैं इसलिए महावीर चौक स्थित बजरंग बाली का आशीर्वाद लेने पहुंचे वहां उपस्थित सभी बजरंगियों ने महावीर चौक पर टेबल लगाकर भाई राजा का जन्मदिन मनाया और बजरंगबली की जय के नारों के साथ जन्मदिन को यादगार रूप से मनाया गया इस अवसर पर आतिशबाजी की गई और बजरंगी भाई कोमल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई।

**वरिष्ठ मार्गदर्शक शिवकुमार शास्त्री को याद किया**

पंडित शिवकुमार शास्त्री की जयंती के अवसर पर उन्हें याद करते हुए कोमल सिंह राजपूत उनके जयस्तम चौक स्थित निवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनका स्मरण किया। साथ ही वरिष्ठ मार्गदर्शक खूबचंद पारख,अशोक शर्मा,संतोष अग्रवाल जी से भी आशीर्वाद लिया।

**देर रात्रि तक चला सिलसिला**

जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के जन्मदिन को राजनांदगांव की जनता ने यादगार बना दिया सुबह 8:00 बजे से लेकर जन्मदिन पर बढ़िया का सिलसिला शुरू था जो देर रात्रि तक चला रात्रि 8:00 के बाद श्री राजपूत बसंतपुर चौक, नंदई कुआं चौक और विभिन्न जगहों पर पहुंचे । सभी जगह पर व्यवस्था की दृष्टि से सहयोग करने वालों में प्रमुख रूप से भागचंद गीड़िया, राजा मखीजा, नमिताब जैन, बिट्टू गुप्ता गोलू गुप्ता,इरफान खान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चोरी होने से पहले ही डोंगरगांव पुलिस ने दिखाई तत्परता 2.5 लाख कीमती सामान किया बरामद



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना डोंगरगांव पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और तत्परता का परिचय देते हुए एक बड़ी चोरी को घटित होने से पहले ही रोक लिया। महाराष्ट्र से आए एक यात्री का बहुमूल्य सामान बस में छूट गया था, जिसे पुलिस ने तकनीकी सहायता और सतर्क कार्रवाई के जरिये महज कुछ घंटों में बरामद कर वापस सौंप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी प्रार्थी मुकेश निषाद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ग्राम घोरदा टोलागांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजनांदगांव से जागीरदार बस से रवाना हुए थे। यात्रा के दौरान उनकी पत्नी का हैंडबैग, जिसमें डेढ़ तोला सोने की मंगलसूत्र (कीमत लगभग ?1,50,000) और एक एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन (कीमत ?1,00,000) रखा हुआ था, बस में छूट गया। घटना से घबराई और परेशान पीड़िता थाना डोंगरगांव पहुंची, जहां थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। संबंधित समय की बस की पहचान कर बस मुंशी, चालक एवं कंडक्टर से संपर्क साधा गया। साथ ही सायबर सेल राजनांदगांव से तकनीकी सहायता प्राप्त कर बस का पता लगाया गया। मोहला क्षेत्र में तत्काल नाकाबंदी कर संबंधित बस चालक को सूचित किया गया। चालक ने बैग को सुरक्षित रखते हुए मोहला पुलिस स्टाफ की मदद से सामान को थाना डोंगरगांव लाकर सुपुर्द किया। तत्पश्चात पुलिस ने पूरी प्रक्रिया के तहत बैग, मोबाइल और मंगलसूत्र प्रार्थी को सुपुर्दनामे पर वापस सौंप दिया। प्रार्थी मुकेश निषाद ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही और संवेदनशीलता के लिए आभार जताते हुए कहा, च्चसैल्यूट छत्तीसगढ़ पुलिस ाज्ज् उन्होंने थाना प्रभारी और पूरी टीम की प्रशंसा की। इस कार्यवाही में थाना डोंगरगांव के प्रधान आरक्षक बद्रीनाथ दिनकर, आरक्षक राकेश कुमार साहू, सायबर सेल से हेमंत साहू एवं मोहला पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा। छत्तीसगढ़ पुलिस की इस तत्परता ने न सिर्फ आम जनता का विश्वास मजबूत किया है, बल्कि यह एक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है कि सतर्क और संवेदनशील पुलिसिंग से जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

# रेत तस्करी का सिस्टम - अफसरों की मिलीभगत से डोंगरगांव और खुज्जी श्रेत्र में रोजाना लाखो की अवैध कमाई



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव और खुज्जी क्षेत्र में रेत तस्करी अब सिर्फ अपराध नहीं, एक संगठित कारोबार बन चुका है। प्रशासनिक अफसरों की शह और राजनीतिक विरोध को अनदेखा करते हुए प्रतिदिन लगभग लाखो की रेत नदियों से अवैध रूप से निकाली जा रही है। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों द्वारा बार-बार आवाज़ उठाए जाने के बावजूद अफसरों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

सूत्रों सी मिली जानकारी के अनुसार हर गाड़ी और घाट के पीछे अफसरों की साथअपना जो आमजनों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

**कार्रवाई के नाम पर दिखावा, असल में संरक्षण**

कार्रवाई की खानापूर्ति के लिए कभी-कभार एक-दो ट्रकों को जब्त कर दिया जाता है, जिससे यह संदेश साफ है कि रेत माफिया को अंदरखाने से खुला संरक्षण मिल रहा है। यह च्सिस्टमज्ज् इतनी मजबूती से जड़ा गया है कि अधिकारी इसकी तह तक अपनी पैठ बना चुके हैं।

**प्रधानमंत्री आवास योजना बनी तस्करी की ढाल**

राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को दी गई सीमित रेत निकासी की छूट का दुरुपयोग चरम पर है। छोटे वाहनों की जगह छ्र्ष्टक्र और हाईवा ट्रकों से हजारों घनफीट रेत निकाल कर सड़कों पर खुलेआम परिवहन हो रहा है।

**तस्करी के हॉटस्पॉट इलाके**

रेत तस्करी मुख्यत: डोंगरगांव और खुज्जी श्रेत्र में अवैध कारोबार को से लगी हुई करीब 20 घाट हैं। रोजाना छोटी बड़ी सैकड़ों गाड़ियां निकलती हैं

रेत की ब्लैकमार्केट रेट लिस्ट

* 12 चक्का ट्रक (1000 फीट): 22,000
* 10 चक्का ट्रक (600 फीट): 15,000
* 6 चक्का ट्रक (300 फीट): 8,000
* मज़दा (160 फीट): 4,000
* छोटा ट्रैक्टर (150 फीट): ?2,500

**कागजों पर जिम्मेदार, जमीनी हकीकत में भ्रष्टाचार**

अवैध परिवहन को रोकने की जिम्मेदारी ग्राम सचिव, पटवारी, तहसीलदार, एसडीएम और खनिज अधिकारी को सौंपी गई है, लेकिन असल में यह महज़ औपचारिकता बनकर रह गई है। शायद यही कारण है कि तस्कर बेखौफहैं और जिम्मेदार अफसर मौन।



**पर्यावरण पर मार: गिरता भूजल स्तर**

नदियों की गहराई बढ़ने से जलस्तर में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। लगातार हो रही खुदाई ने पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डाल दिया है। आने वाले समय में यह पेयजल संकट और खेती के लिए एक बड़े खतरे का संकेत है।

**रेत का खेल कब थमेगा ?**

प्रशासनिक चुप्पी और राजनीतिक विरोध के बीच जनता की आवाज़ गुम होती जा रही है। अब सवाल यह है कि आखिर कब इस अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई होगी? या फिर डोंगरगांव की नदियां यूं ही सूखती रहेंगी और अफसर तस्करी की लहर में हाथ धोते रहेंगे?

**समय समय पर जांच होती रहती है। अब जल्द इस दिशा में उचित कार्यवाही की जाएगी - संजय अग्रवाल, कलेक्टर राजनांदगांव**

# प्रदेश के पर्यटन स्थलों को सजाने-संवारने का काम हमारी प्राथमिकता - नीलू शर्मा

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में श्री नीलू शर्मा ने पर्यटन मंडल अध्यक्ष का पदभार किया ग्रहण



**रायपुर/ राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने रायपुर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पदभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समारोह की अध्यक्षता में यह गरिमामयी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने राजकीय गमछा, पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर नवनियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य नागरिकों से भरे खचाखच ऑडिटोरियम में पदभार ग्रहण करने के नवनियुक्त अध्यक्ष को सभी लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पदभार ग्रहण और अभिनंदन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरगुजा से लेकर बस्तर तक पर्यटन की अपार संभावना है। राज्य में डबल इंजन की सरकार के प्रभावी कदमों से बस्तर में नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद वहां पर्यटन के नए द्वार खुलेंगे। अबूझमाड़ भी अबूझ नहीं रहेगा। वहां भी विकास की रोशनी पहुंचेगी। पर्यटन के क्षेत्र में राज्य का भविष्य उज्जवल है। इसमें रोजगार की भी बहुत संभावना है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समारोह में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की जैव विविधता और ऐतिहासिक धरोहर बेमिसाल हैं। पर्यटन की दृष्टि से यहां की ये दोनों खासियतें अभी तक च्अनएक्सप्लोर्डज् हैं। नक्सलवाद की समाप्ति के बाद अब बस्तर भी जल्दी ही पर्यटन के लिए पूरी तरह खुल जाएगा। यह हिंदुस्तान का सबसे बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशनबन सकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल बेहद मोहक हैं। यहां से बेहतर जंगल और कहीं नहीं हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने स्वयं को दी गई बड़ी जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए नई चुनौती और नया अवसर है। छत्तीसगढ़ को देश-दुनिया में पहचान दिलाने का सौभाग्य मिल रहा है। यहां के पर्यटन स्थलों को सजाने-संवारने का काम करेंगे। पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाली गतिविधियों को धरातल पर उतारेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में पर्यटन का क्षेत्र काफी संभावनाओं से भरा हुआ है। सरकार ने यहां पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है। इससे इस क्षेत्र के विकास को और गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दो ऊर्जावान युवाओं को महती जिम्मेदारी मिली है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा की अगुवाई में यहां पर्यटन का तेजी से विकास होगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप तथा खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, सासंद सर्वश्री बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पाण्डेय, विजय बघेल, पूर्व सांसद श्री अशोक शर्मा, विधायकगण सर्वश्री राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, किरण सिंहदेव, ईश्वर साहू, सुशांत शुक्ला, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्षगण एवं महापौर भी पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए।

# अमानवीय भिक्षावृत्ति प्रथा पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ समाज ने ज्ञापन सौंपा

## राष्ट्रपति भारत सरकार, नई दिल्ली के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के माध्यम से सौंपा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ी समाज, जिला इकाई-राजनांदगांव ने आज महामहिम राष्ट्रपति महोदय, भारत सरकार, नई दिल्ली के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के माध्यम से सौंपा। इस ज्ञापन में राजनांदगांव जिले के ग्राम पंचायत बोरी में परंपरा और रिवाज के नाम पर महिलाओं और छोटे बच्चों से करवाई जा रही अमानवीय भिक्षावृत्ति प्रथा पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ी समाज ने अपने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत बोरी, जो जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहाँ आज भी एक अत्यंत अमानवीय कुरीति प्रचलन में है। इस प्रथा के तहत गाँव की महिलाओं को, दूधमुंहे बच्चों सहित, भिक्षावृत्ति के लिए मजबूर किया जाता है। समाज ने इसे महिलाओं और बच्चों के मौलिक और मानवीय अधिकारों का घोर उल्लंघन बताते हुए कहा कि यह संविधान द्वारा प्रदत्त गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार के भी विपरीत है। और भी चिंताजनक यह है कि इस प्रथा में भाग न लेने पर संबंधित परिवारों को सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता है, जिसमें 'रोटी-बेटी' के संबंध खत्म करने जैसे अन्यायपूर्ण कदम उठाए जाते हैं। छत्तीसगढ़ी समाज, जिला इकाई राजनांदगांव ने मांग की है कि: ग्राम बोरी में इस कुरीति की तत्काल उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए। अमानवीय परंपराओं पर रोक लगाने हेतु कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की जाए। पीड़ित महिलाओं और बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा व आजीविका के लिए विशेष योजनाएं प्रारंभ की जाएं। समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर ऐसी कुप्रथाओं का जड़ से उन्मूलन किया जाए। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर छत्तीसगढ़ी समाज, जिला इकाई-राजनांदगांव के प्रभारी हेमंत लाऊत्रे सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। समाज ने विश्वास जताया है कि प्रशासन इस गंभीर सामाजिक समस्या पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई करेगा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com